Total number of printed pages : 8

27T ADHI

2017

ADVANCE HINDI

Full Marks : 100

Pass Marks : 30

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

*Q. No. **1** (Ka to Jha) carries **1** mark each*	1×9 = 9
*Q. No. **2** carries **2** marks each*	
	* 2×6 = 12
	* 2×4 = 8
	* 2×2 = 4
	24
*Q. No. **3** carries **4** marks each*	
	* 4×2 = 8
	* 4×2 = 8
	* 4×3 = 12
	28
*Q. No. **4** carries **6** marks each (any four)*	6×4 = 24
*Q. No. **5** carries **5** marks each (any three)*	5×3 = 15
	Total = 100

Contd.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×9=9

(क) 'विप्लव गायन' कविता के कवि कौन हैं ?

(ख) कवि 'दिनकर' जी का नाम क्या है ?

(ग) महादेवी वर्मा की किसी एक काव्य-संकलन का नाम लिखिए।

(घ) भास्कर वर्मण कहाँ शासन करता था ?

(ङ) उपसंहार को छोड़कर 'भास्कर वर्मण' नाटक (नाटिका) में कितने अंक हैं ?

(च) भास्कर वर्मण की विधवा माँ का नाम क्या है ?

(छ) दधीचि ने क्या त्याग किया था ?

(ज) रानी लक्ष्मीबाई ने किसके खिलाफ लड़ाई लड़ी थी ?

(झ) 'रानी लक्ष्मीबाई' किस प्रकार का उपन्यास है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×6=12

खण्ड - क

*(किन्हीं **छः प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

(क) कवि 'दिनकर' की 'मानव-शान्ति' शीर्षक कविता द्वारा दिए गए मानव-शान्ति के मन्त्रों में से किसी एक (मन्त्र) का उल्लेख कीजिए।

(ख) प्रभु *अथवा* परात्पर को किस बल पर गान्धारी अभिशाप देती है ?

(ग) 'नाश और सत्यानाशों का धुआँधार जग में छा जाये' —यहाँ कवि नाश और सत्यानाशों का धुआँधार क्यों देखना चाहते हैं ?

(घ) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति का तात्पर्य क्या है ? 'पीड़ा सुरभित चन्दन-सी'।

(ङ) 'भारत-महिमा' शीर्षक कविता में 'वही हम दिव्य आर्य-सन्तान' कहकर कवि हमें किसकी ओर संकेत करना चाहते हैं ?

(च) हमने दूसरे देशों को क्या-क्या दिये हैं ? ('भारत-महिमा' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।)

(छ) कवि 'दिनकर' ने भारत के कोलाहल और (आन्तरिक) संघर्ष के क्या-क्या कारण दिये हैं ?

(ज) कृष्ण के सम्बन्ध में गान्धारी के मन में क्या धारणा थी ?

(झ) 'मेरी वीणा में चिनगारियाँ आने बैठी हैं' —यहाँ कवि क्या कहना चाहते हैं ?

खण्ड - ख

*(किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)* 2×4=8

(क) 'शत्रु का शत्रु मित्र होता है।' कौटिल्य के इस कथन का आशय क्या है ?

(ख) राजा को प्रजा की इच्छा का प्रतीक क्यों कहा गया है ?

(ग) 'हृदय दान की नहीं, छीन लेने की वस्तु है'। किस प्रसंग में यह बात उठाई गई है, स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'पिता जी से प्रतिश्रुत हूँ माँ।' यहाँ भास्कर वर्मण की किस प्रतिश्रुति की बात उठाई गई है, स्पष्ट कीजिए।

(ङ) कर्ण-सुवर्ण के युद्ध में कंकु और उसके सैनिकों की भूमिका क्या थी ?

(च) राज्यश्री का परिचय दीजिए।

खण्ड - ग

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)* 2×2=4

(क) लक्ष्मीबाई क्यों लड़ाई लड़ती थी ? (किन्हीं दो कारण लिखिए।)

(ख) लक्ष्मीबाई के समकालीन किन्हीं दो सामाजिक नियमों का उल्लेख कीजिए।

(ग) रघुवीरसिंह का परिचय दीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×2=8

खण्ड - क

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)*

(क) कवि के अनुसार मानव-शान्ति कैसे संभव हो सकती है ? (किन्हीं चार कारण दीजिए।)

(ख) गान्धारी का अभिशाप क्या था ?

(ग) विश्व-मानव के लिए भारत का क्या संदेश 'भारत-महिमा' कविता द्वारा दिया गया है ?

खण्ड - ख

*(किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)* 4×2=8

(क) 'अपने काँटों के ताज का मैं भागीदार नहीं चाहता।' इस उक्ति का प्रसंगोल्लेख कीजिए।

(ख) 'सर्प को दूध पिलाना उसके विष का उपचार नहीं है।' हंसवेग के इस कथन का क्या तात्पर्य है ?

(ग) अनेकता में एकता के स्वप्न को भास्कर ने कैसे साकार होते हुए देखा है, स्पष्ट कीजिए।

खण्ड - ग

*(किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।)* 4×3=12

(क) तलवार चलाने की कला लक्ष्मीबाई ने कैसे सीखी थी ?

(ख) लक्ष्मीबाई के पति का परिचय दीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में इतिहास और कल्पना का अच्छा समन्वय हुआ है, इस उक्ति पर तर्क दीजिए।

(घ) 'मेरी देह को गोरे न छूने पाएँ' — ऐसा क्यों कहा गया है ?

(ङ) लक्ष्मीबाई के त्याग को रेखांकित कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'जिसने दुःख पाला हो' शीर्षक कविता के भावार्थ को स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

'भारत-महिमा' कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) 'भास्कर वर्मण' नाटक की कथा को अपने शब्दों में लिखिए। 6

अथवा

भास्कर वर्मण के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) लक्ष्मीबाई के साहस का परिचय दीजिए। 6

अथवा

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर अंग्रेजों के भारत पर किए गये शोषण का परिचय दीजिए।

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

लक्ष्मीबाई के चरित्र की किन्हीं छः विशेषताएँ लिखिए।

5. (क) रस को परिभाषित करते हुए वात्सल्य *अथवा* वीर रस का सोदाहरण परिचय दीजिए। 1+4=5

(ख) अलंकार को परिभाषित करते हुए रूपक *अथवा* उत्प्रेक्षा का सोदाहरण परिचय दीजिए। 1+4=5

(ग) छन्द किसे कहते हैं ? चौपाई *अथवा* दोहा का सोदाहरण परिचय दीजिए। 1+4=5

———×———